बिहार राज्य जैव विविधता एवं पर्षद मोतिहारी वन प्रमण्डल मोतिहारी द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

न्यूज एजेंसी: चम्पारण दर्शन न्यूज
(नेशनल न्यूज फीचर नेटवर्क)

मोतिहारी, पू0च0। बिहार राज्य जैव विविधता एवं पर्षद मोतिहारी वन प्रमण्डल, मोतिहारी द्वारा पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत ग्राम पंचायत प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्षों / सदस्यों की क्षमता विकास हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 16.01.2025 (गुरूवार) को पंडित दीनदयाल उपाध्याय, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के सभागार भवन में सम्पन्न किया गया। इस कार्यशाला में मोतिहारी प्रक्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले तेरह (13) प्रखण्डों के जैव विविधता प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष्य, सचिव एवं सदस्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के माननीय मंत्री डॉ. प्रेम कुमार के दिशा-निर्देश पर किया गया। इस मौके पर श्री राज कुमार शर्मा, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, मोति-हारी, श्री हेम कान्त राय, संयुक्त निदेशक, बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद, पटना, श्री मिहिर कुमार झा, उप निदेशक, श्री आर0के0 झा, डीन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, उद्यान एवं वानि ी महाविद्यालय एवं अन्य जिला स्तर-ीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में जैव विविधता रजिस्टर के बारे में बताया गया और बताया गया कि पंचायतों में प्रकृति के महत्व के भूखण्ड एवं वास स्थल, झील, नदीतट, नदी खण्ड, विलक्षण किस्म के कृषि या बागवानी के स्थल की जानकारी व उनके संरक्षण के कार्य प्रभावी रूप से की जाय। पूर्वी चम्पारण जिला के जैव विविधता एवं जैव विविधता संबंधी स्थानीय पहलुओं यथा कृषि, पशुपालन, मत्स्यिकी, भूगोलिक परिस्थिति की जानकारी दी गई। जैव विविधता प्रबंधन एवं उसके संरक्षण के महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में मार्ग-दर्शन दिया गया। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद राज्य के सभी समितियों का सशक्तीकरण कर उन्हे सक्रिय बनाने हेतु पर्यावरण एवं वन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मतस्य संसाधन विभाग इत्यादि के माध्यम से कृत संकल्प है। उक्त जानकारी राज कुमार शर्मा वन प्रमण्डल पदाधिकारी मोतिहारी वन प्रमण्डल मोतिहारी ने दिया।